# आत्महत्या कर रहा हूँ, भूत बनकर बदला लूंगा...

**प्रेम प्रसंग और विवाह के बाद अलगाव की बात सामने आई, परिजन शव लेकर पहुंचे कोतवाली, कार्रवाई की मांग; पुलिस ने मोबाइल और सोशल मीडिया वीडियो को जांच में लिया**

**सिवनी नवभारत। कोतवाली थाना क्षेत्र के कटंगी नाका इलाके में एक युवक की मौत के बाद उस समय मामला चर्चा में आ गया, जब उसकी मृत्यु से पहले सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो सामने आए। वीडियो में युवक ने एक युवती पर धोखा देने के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद मृतक के परिजन युवती और उसके परिवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शव लेकर कोतवाली थाना पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच का भरोसा दिलाया, जिसके बाद परिजन शव लेकर वापस लौट गए।**



मृतक की पहचान कपिल भलावी (27 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कपिल का एक युवती से प्रेम संबंध था। परिजनों का कहना है कि दोनों ने मंदिर में विवाह भी किया था। बाद में युवती के अलग होकर चले जाने के बाद कपिल तनाव में रहने लगा था। घटना के समय मृतक कपिल की माँ रक्षाबंधन पर अपने मायके गयी हुई थी। हालांकि, युवक की मौत के पीछे वास्तविक परिस्थितियां और कारण क्या रहे, इसकी पुष्टि पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

जानकारी के अनुसार कपिल ने मृत्यु से पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो साझा किए थे। इनमें उसने युवती पर धोखा देने का आरोप लगाया और अपनी मौत के लिए परिस्थितियों को जिम्मेदार बताते हुए युवती तथा उसके परिजनों को लेकर आरोप लगाए।

एक अन्य वीडियो में भी उसने युवती के परिवार से जुड़े लोगों पर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। पुलिस ने इन वीडियो को भी जांच का हिस्सा बनाया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटना से पहले युवक किन परिस्थितियों से गुजर रहा था और उसके द्वारा लगाए गए आरोपों की वास्तविकता क्या है।



शव लेकर थाने पहुंचे परिजन

कपिल की मौत की जानकारी मिलने के बाद उसके परिजन शव को वाहन में लेकर कोतवाली थाना पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के समक्ष युवती और उसके परिवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। परिजनों का आरोप था कि प्रेम संबंध और विवाह के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के कारण कपिल मानसिक रूप से परेशान था और इसी घटनाक्रम की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

थाने में पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से चर्चा की। एसडीओपी चंचलेश मरकाम और कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने परिजनों को मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस लौट गए। पुलिस अब मृतक के मोबाइल फोन, सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो, विवाह से संबंधित उपलब्ध जानकारी और परिजनों के बयानों की जांच कर रही है। इसके साथ ही युवक के संपर्क में रहे लोगों और घटना से पहले की परिस्थितियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान यदि किसी व्यक्ति की भूमिका या युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित ठोस तथ्य सामने आते हैं, तो उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी है।

**मोबाइल और वीडियो की जांच करेगी पुलिस**

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि युवक की मौत आत्महत्या से हुई है। परिजनों ने एक परिवार पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रारंभिक जांच में युवक के एक युवती से प्रेम संबंध और गायत्री मंदिर में विवाह किए जाने तथा बाद में युवती के अलग हो जाने की जानकारी सामने आई है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व को लेकर ग्रामीण अंचलों में घर-घर पहुंच रही जिला यादव महासभा

**सिवनी नवभारत।** जिला यादव महासभा सिवनी द्वारा आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व को भव्य रूप से मनाने की तैयारियों के साथ जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में पहुंचकर समाज के प्रत्येक परिवार को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने का अभियान लगातार जारी है।



इसी क्रम में आज जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव एवं पूर्व उपाध्यक्ष उमेश यादव पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष किशोर यादव पूर्व उपाध्यक्ष संजय यादव द्वारा जिले के दूरस्थ अंचलों बेरीनाला, खमरिया, नांदिया, इमलिया, चमारी, धूमा, सिरमंगनी, गणेशगंज एवं बंडोल सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया। समाज के सदस्यों एवं परिवारों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें जन्माष्टमी महोत्सव का आमंत्रण पत्र प्रदान करते हुए सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर बेरीनाला में शुभम यादव एवं राकेश यादव, वहीं इमलिया, नांदिया एवं चमारी क्षेत्र में सुरेश यादव, उदय नारायण यादव एवं बाबा यादव दुधन यादव सहित अनेक सामाजिक बंधुओं से मुलाकात हुई। धूमा में ताराचंद्र यादव, कंचन लाल यादव, विनोद यादव, हरिशंकर यादव, प्रमोद यादव, पुन्नू लाल यादव, रामलाल यादव, रितिक यादव, शंभू लाल यादव, अभिषेक यादव, नितेश यादव एवं राधेश्याम यादव सहित समाज के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें जन्माष्टमी महापर्व का आमंत्रण दिया गया तथा अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया।

जिला अध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने कहा कि महासभा का प्रयास है कि जन्माष्टमी महोत्सव का आमंत्रण जिले के हर गांव और हर सामाजिक परिवार तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचे।

### एक नजर में

**सट्टा और अवैध शराब के खिलाफ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, 9 सटोरिए गिरफ्तार**



**सिवनी।** कोतवाली पुलिस ने जुआ-सट्टा एवं अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 9 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5200 रुपये नकद एवं सट्टा पर्चियां जब्त की हैं। इसी क्रम में अमन होटल के पास सट्टा पट्टी लिखे जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर 9 सटोरियों को पकड़ा। इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी, उपनिरीक्षक राजेश शर्मा, प्रधान आरक्षक प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया, सौरभ ठाकुर, प्रतीक बघेल, चेतन शर्मा, पारस तुरकर, सीताराम जावरे, महिला आरक्षक दीपाली बघेल एवं ममता गजभिए की सराहनीय भूमिका रही।

**शराब के खिलाफ कार्रवाई**

**सिवनी।** कोतवाली पुलिस ने गंज सहित अन्य क्षेत्रों में अलग-अलग 11 स्थानों पर अवैध शराब के खिलाफ रेड कार्रवाई की। इस दौरान 11 आरोपियों के कब्जे से करीब 55 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। सभी मामलों में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

## गांव की बेटी बनेगी एमबीबीएस डाक्टर



**धारनाकलां नवभारत।** धारना कलां से जुड़े ग्राम घीसी की बालिका कुमारी चेताली शरणागत की कड़ी मेहनत और लगन के चलते आज ग्राम घीसी ही नहीं अपितु पूरा बरघाट विकास खंड इस बेटी की सफलता पर गर्व महसूस कर रहा है चूंकि किसी समय यही बिटिया अपने दादा की गोद में धारना में नजर आती थी किंतु आज इसकी मेहनत और लगन से पढ़ाई के चलते बिटिया का सिलेक्शन नेता जी सुभाष चंद बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में हुआ हैं जो माता पिता के साथ साथ बरघाट विकास खंड के लिए भी विशेष उपलब्धि है होनहार बेटी का दाखिला सरकारी कॉलेज में होने पर लोगों ने शुभकामनाओं के साथ बधाई प्रेषित की इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लकी अमुले तथा जनपद सदस्य गजानंद हरीन खेड के साथ सहयोगियों ने दिल से बेटी को बधाइयां दी है

यहां यह बताना भी लाजिमी है की बेटी चेताली शरणागत बसीराम शरणागत की नातिन तथा नितिन तथा निकिता शरणागत की चहेती पुत्री हैं।

## संस्कृत विषय का दिया गया प्रशिक्षण

**सिवनी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित के मार्गदर्शन में तथा एपीसी के निर्देश पर संस्कृत विषय का प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञ नीरज कुमार तिवारी उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी एवं अनंत कुमार मिश्रा माध्यमिक शिक्षक घनश्याम मेहर माध्यमिक शिक्षक द्वारा दिया गया इस अवसर पर प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी संजीव राय ने कहा कि बीते वर्षों में संस्कृत विषय का आप लोगों ने अच्छा परिणाम दिया है लेकिन शासन की मंशा है कि इस बार सभी शिक्षक सब प्रतिशत परिणाम दें इस लक्ष्य के साथ अध्यापन कार्य कराया जाए साथ ही संस्कृत विषय को लेकर उन्होंने चिंता व्यक्त की है कि कोई भी कालखंड खाली ना रहे जिससे हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी कैलाश रैकवार उपस्थित रहे सभी को बैठने की एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था की जा रही है।



## आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, दो गंभीर घायल

**सिवनी।** घंसौर थाना क्षेत्र के जम्होडी गांव के समीप रविवार शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों व राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना देकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। जानकारी के अनुसार दुर्घटना रविवार शाम करीब 4 बजे जम्होडी गांव के पास हुई। आमने-सामने हुई टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

## भुजरिया पर्व पर बंजारा समाज ने निभाई वर्षों पुरानी परंपरा, सैला नृत्य ने मोहा मन

**बादलपार/चक्की खमरिया नवभारत।** बंजारा समाज द्वारा भुजरिया पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बड़े धूमधाम से मनाया गया। पर्व के अवसर पर ग्राम पंचायत बादलपार एवं ग्राम पंचायत चक्की खमरिया में विशेष आयोजन हुए, जहां दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सैला नृत्य दल और कलाकार पहुंचे।



भुजरिया पर्व के एक दिन बाद बंजारा समाज द्वारा इस परंपरा को विशेष रूप से मनाया जाता है। आयोजन में सिवनी जिले के साथ-साथ छिंदवाड़ा जिले से भी सैला नृत्य कलाकार शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने अपनी अनूठी नृत्य शैली, वाद्य यंत्रों और मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। बादलपार और चक्की खमरिया में आयोजित इस पर्व में बंजारा समाज के लोगों ने अपनी वर्षों पुरानी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत करते हुए पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। सैला नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आसपास के लोग भी जुटे रहे। आयोजन के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। समाज के लोगों का कहना है कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और लोककला से जोड़ने के साथ-साथ क्षेत्र की समृद्ध लोक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। भुजरिया पर्व के दौरान दोनों ग्रामों में दिनभर उत्सव जैसा माहौल रहा और सैला नृत्य की प्रस्तुतियां लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रहीं।

## नीट में सफलता हासिल कर हर्षित ने लखनवाड़ा का नाम किया रोशन

**सिवनी नवभारत।** ग्राम लखनवाड़ा, जिला सिवनी निवासी हरषित बघेल, पिता हिम्मत बघेल ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार सहित ग्राम लखनवाड़ा और बघेल समाज में हर्ष एवं गर्व का माहौल है।हरषित बघेल ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह सफलता हासिल कर यह संदेश दिया है कि निरंतर प्रयास, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता ग्रामीण क्षेत्र के उन विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।हरषित की उपलब्धि से उनके माता-पिता एवं परिवार का गौरव बढ़ा है। साथ ही सम्पूर्ण बघेल समाज के लिए भी यह गौरव का विषय हैसमाजजनों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हरषित ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से समाज का नाम गौरवान्वित किया है।समाजजनों ने हरषित बघेल को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही उम्मीद जताई कि भविष्य में वे एक कुशल, सफल और सेवाभावी चिकित्सक बनकर समाज एवं देश की सेवा करेंगे।हरषित बघेल की सफलता युवा पीढ़ी के लिए यह प्रेरणा है कि मेहनत और लगन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ा जाए तो सफलता अवश्य प्राप्त की जा सकती है।





## सरगापुर में हुआ भव्य शैला नृत्य कार्यक्रम

**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने ग्राम सरगापुर भव्य शैला नृत्य कार्यक्रम मे सहभागिता कर मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। आज सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सरगापुर में कजलिया महापर्व के अवसर पर आयोजित पुनेम प्रसंग, भव्य शैला नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा विधायक ने शिरकत किया और पारंपरिक लोक संस्कृति व आदिवासी कला की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान नृत्यक दलों ने अपनी पारंपरिक पोशाक में सुसज्जित होकर शैला नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। जिसका विधायक ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारी पारंपरिक आदिवासी कला, लोक संस्कृति और लोक परंपराएं हमारी समृद्ध धरोहर है। इन्हें संरक्षित एवं प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही आपने समस्त क्षेत्रवासियों को कजलिया महापर्व की बधाई प्रेषित किया। तथा आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी नयी पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं और संस्कृति से जोडने का महत्व पूर्ण माध्यम है। इसके साथ ही विधायक ने स्वयं की ओर से शैला नृत्य कार्यक्रम मे प्रथम विजेता मंडल को पुरस्कार प्रदान किया एवं सभी सहभागी मंडलों को 5-5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति द्वारा विधायक का अंगवस्त्र भेंटकर व तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक में लिए गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

**सिवनी नवभारत।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक आशीर्वाद पैलेस, सिवनी में आयोजित हुई। निजी विद्यालयों के संचालक साथियों की उपस्थिति में विद्यार्थियों की सुरक्षा, विद्यालय संचालन की गुणवत्ता, शिक्षकों के प्रशिक्षण, संगठन के विस्तार तथा निजी विद्यालयों की समस्याओं को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय अंतर्गत विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु संस्था द्वारा ग्रीन कार्ड की व्यवस्था करना ताकि अभिभावक द्वारा बच्चे को विद्यालय से ले जाते समय अनिवार्यत: प्रस्तुत किया जा सके, विद्यालय प्रारंभ होने के पश्चात विषम परिस्थितियों में अभिभावक से चर्चा उपरांत ही विद्यार्थी की छुट्टी करना, विद्यालयों के सुचारु एवं संचालन हेतु आवश्यक मानकों, व्यवस्थाओं एवं मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष प्रशिक्षण का आयोजन, निजी विद्यालय संचालन में आ रही समस्याओं को शासन के समक्ष रखना, विकासखंड एवं जिला स्तरीय कार्यकारिणी का पुर्नगठन करना।प्रदेश अध्यक्ष, शैलेष तिवारी के मुख्य आतिथ्य, कार्यकारी जिलाध्यक्ष नरेश सिंह राजपूत की अध्यक्षता में विधिक सलाहकार जनक तिवारी, कोषाध्यक्ष शिवकुमार हीरनखेड़े, घंसौर विकासखंड हीरालाल गोल्हानी, लखनादौन से शैलेन्द्र यादव, धनौरा से नरेश विश्वकर्मा, केवलारी से सुशील तिवारी, कुरई से सीमा गढ़पायले, बरघाट से भुवनेश्वर चौधरी, पवन पारधी एवं सिवनी ब्लॉक से दिनेश चैकसे, नीरज साहू, राजेश बघेल सहित आठों विकासखंड के संचालक साथियों की उपस्थिति रही।

## फुलारा मे हर्ष उल्लास के साथ मना कजलिया पर्व

**सिवनी नवभारत।** हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी विशाल कजलिया मेला ग्राम फुलारा में आयोजित किया गया। यह कजलिया मेला 136 वर्ष से अपनी प्रथा को कायम रखते हुये स्व.दादू चंद्रिका प्रसाद सक्सेना जी की स्मृति में बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी आसपास के समस्त ग्रामीण क्षेत्र के किसान भाइयों, माता बहनों एवं सक्सेना परिवार नेउपस्थित होकर बड़े धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ कजलिया पर्व मनाया जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के समाचार प्रतिनिधियों की सहभागिता सराहनीय रही। कार्यक्रम में मंडल प्रतियोगिता आयोजित की गयी।जिसमें प्रथम स्थान राजराजेश्वरी शैला मंडल ग्राम एरपा,द्वितीय स्थान बजरंग शेला मंडल पिपरिया, तृतीय स्थान जय बजरंग शैल मंडल ग्राम कुंडा एवं चतुर्थ स्थान शेला मण्डल ग्राम मरझोर को प्राप्त हुआ। वही कार्यक्रम मे आल्हा गायकी की प्रस्तुति सुनील भाई पीपरढ़ाई एवं शिव राम विश्वकर्मा टिकारी नरेरा की प्रस्तुति सराहनीय रही।



## चोरी के अलग- अलग मामलों का खुलासा

**नकबजन गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार, दो विधि-विरुद्ध बालकों पर कार्रवाई; 2.85 लाख का मशरूका बरामद**



**सिवनी नवभारत।** सिवनी। जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत डूण्डासिवनी और कान्हीवाड़ा पुलिस को सफलता मिली है। दोनों थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि-विरुद्ध बालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने दोनों मामलों में करीब 2 लाख 85 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। ड्रीमलैंड सिटी में मकान का ताला तोड़कर चोरी डूण्डासिवनी थाना क्षेत्र के ड्रीमलैंड सिटी में 30 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। प्रार्थिया सविता पति प्रहलाद नामदेव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 437/2026, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।थाना प्रभारी चैनसिंह उईके के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र सक्रिय करने के साथ घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। संदेहियों से पूछताछ के बाद चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। पुलिस ने तौफिक पिता नफीस खान (19), सद्दाम हुसैन पिता सब्बीर हुसैन (20) और अमन पिता राजेश उइके (21) को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के कब्जे से एक सोने की चैन, एक सोने की अंगूठी, दो चांदी के सिक्के तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, कुल कीमत करीब 2 लाख 20 हजार रुपये, बरामद किए गए। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला जेल सिवनी भेज दिया गया।

**खेत के पास से बाइक चोरी का भी खुलासा**

इधर, कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में खेत के पास सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए दो विधि-विरुद्ध बालकों के विरुद्ध कार्रवाई की है।ग्राम कटिया निवासी ओमप्रकाश ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 अगस्त को खेत के पास सड़क किनारे खड़ी उसकी काले रंग की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। पुलिस ने अपराध क्रमांक 283/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों एवं घटनास्थल की जांच के आधार पर पुलिस ने प्रभात मेहलवंशी पिता ब्रजमोहन मेहलवंशी (18), निवासी बीहर मोहल्ला कान्हीवाड़ा को गिरफ्तार किया। साथ ही दो विधि-विरुद्ध बालकों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

**सम्मान** | **कलेक्टर ने किकबॉक्सिंग खिलाड़ी अनुप्रिया कौरव को पहचानकर मंच पर बुलाया, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह**

# खेल दिवस पर खिलाड़ियों का सम्मान, अथर्व व ऐश्वर्या को मिला प्रशस्ति-पत्र

**कुरई नवभारत।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को पीजी कॉलेज, सिवनी में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसी क्रम में द अल्टीमेट फाइटर्स अकादमी के होनहार खिलाड़ी अथर्व कौरव एवं ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिनेश राय मुनमुन तथा अध्यक्षता कलेक्टर नेहा मीना ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी, जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डेहरिया एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अजय (बाबा) पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि अनुप्रिया कौरव को 15 अगस्त के अवसर पर भी सम्मानित किया गया था। राष्ट्रीय खेल दिवस के समारोह में उन्हें पहचानकर दोबारा प्रोत्साहित किए जाने से खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। अथर्व कौरव और अनुप्रिया कौरव भाई-बहन हैं। उनके पिता पवन कौरव बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रोत्साहित करते हैं। वहीं ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी के पिता स्वर्गीय शिव प्रसाद ब्रह्मवंशी का भी समारोह के दौरान स्मरण किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धियों के पीछे परिवार के सहयोग, त्याग और प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया गया।

खिलाड़ियों के सम्मान से द अल्टीमेट फाइटर्स अकादमी सहित जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन एवं विभिन्न खेल संघों से जुड़े पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में खुशी का माहौल रहा। सभी ने अथर्व, ऐश्वर्या एवं अनुप्रिया को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**सम्मान से बढ़ता है खिलाड़ियों का आत्मविश्वास**

द अल्टीमेट फाइटर्स अकादमी के संस्थापक एवं मुख्य प्रशिक्षक मास्टर निकेश पद्माकर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को मंच पर सम्मान मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। ऐसे आयोजन अन्य बच्चों और युवाओं को भी खेलों के प्रति आकर्षित करते हैं तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

अकादमी परिवार ने अथर्व कौरव, ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी एवं अनुप्रिया कौरव सहित उनके पालकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**कलेक्टर ने अनुप्रिया को पहचानकर मंच पर बुलाया**

समारोह के दौरान उस समय भावुक एवं प्रेरणादायक माहौल बन गया, जब कलेक्टर नेहा मीना ने अपने उद्बोधन के बीच किकबॉक्सिंग खिलाड़ी अनुप्रिया कौरव को पहचान लिया। उन्होंने अनुप्रिया से उनके खेल एवं उपलब्धियों के संबंध में जानकारी ली और शुभकामनाएं देते हुए उन्हें मंच पर आमंत्रित किया। कलेक्टर ने अनुप्रिया को अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने तथा निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।